आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**28** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू भी रहेंगे मौजूद।
- पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता को लेकर सरकार ने कहा– कहीं भी संकट नहीं। प्रदेश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य। केंद्र सरकार ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में की बड़ी कटौती।
- प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का पर्व। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में किया गया रामलला का सूर्यतिलक।
- पिछले दो दिनों से बदला मौसम का मिजाज। कई जिलों में रूक–रूक कर हुयी बारिश से फसलों पर भी पड़ा प्रभाव। मुख्यमंत्री ने किसानों को मुआवजा दिलाने के दिए निर्देश।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। इस हवाई अड्डे को लगभग ग्यारह हजार दो सौ करोड़ रूपए की लागत से विकसित किया गया है। यह देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओ में से एक है। एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

***पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा एयरपोर्ट की वार्षिक क्षमता लगभग 12 मिलियन यात्रियों को संभालने की होगी। एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय किए हैं। पूरे क्षेत्र को कई सुरक्षा क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और प्रमुख स्थानों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। प्रशासन की तरफ से समारोह के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यह एयरपोर्ट दिल्ली–एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए न केवल नया विकल्प देगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति देगा। विशाल धर दूबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्धनगर।***

**********

प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग, रणवीर प्रसाद ने बताया कि सभी जिलों में मांग के अनुसार पेट्रोल–डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है और कहीं भी संकट जैसी स्थिति नहीं है। एक रिपोर्ट......

***प्रदेश सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों के आधार पर घबराहट में अतिरिक्त पेट्रोल–डीजल की खरीदारी न करें। सरकार ने सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी जैसे भ्रामक संदेशों को गलत बताते हुए कहा कि ऐसी खबरें फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की स्थिति पर नजर रखें और कहीं भी आपूर्ति बाधित न होने दें। प्रदेश सरकार ने भरोसा दिलाया है कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पेट्रोल–डीजल को लेकर किसी भी तरह की चिंता की जरूरत नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी सही समय पर नागरिकों के हित में लिया गया निर्णय है जो पश्चिम एशिया संकट के बीच राहत प्रदान करेगा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में बड़ी कटौती करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

***जो एक्साइज ड्यूटी पेट्रोल में 10 लीटर की जो कटौती की है और डीजल में जो 10 लीटर ही लगता था पूरा एक्साइज उसको पूरा जीरो किया है। इसकी जितनी प्रशंसा किया जाए वह कम है। देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने संसद में कहा था, हमारे लिए देश और देशवासी सर्वोपरि हैं।***

उधर, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन–एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। श्रीमती सीतारामन ने लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताया है।

**********

सरकार ने बताया है कि देश में एक दशक में यूरिया का घरेलू उत्पादन दो सौ तीस लाख मीट्रिक टन से बढ़कर तीन सौ पन्द्रह लाख मीट्रिक टन हो गया है। कल लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि

उत्पादन बढ़ाने के लिए दो हजार चौदह से गोरखपुर, सिंदरी, बरौनी, रामागुंडम और पानागढ़ सहित कई स्थानों पर नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवीं कड़ी होगी।

**********

नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेन्द्र शाह ने कल प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसी महीने हुए आम चुनाव में उनकी पार्टी दो तिहाई से अधिक सीटें हासिल कर सत्ता में आयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालेन्द्र शाह को नेपाल का नया प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है।

**********

वासंतिक नवरात्र की पूर्णता और भगवान श्रीराम के प्राकट्य उत्सव का पर्व रामनवमी, प्रदेश भर में कल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम का सूर्य तिलक किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय से टेलीविजन पर अयोध्या में, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में, भगवान राम की पूजा–अर्चना और सूर्य तिलक के दर्शन किए। अयोध्या में राम नवमी को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। एक रिपोर्ट–

***अयोध्या में श्री राम जन्मोत्सव धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरणों ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। इस दौरान श्री रामलला की आरती उतारी गई। सूर्य तिलक से पहले उनका पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रंगार भी किया गया। सूर्य तिलक के दौरान अयोध्या में पटाखे जलाकर भक्तों ने खुशिया मनायीं। 50 एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। इस दौरान भक्तभाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। भगवान राम लला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए थे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा रहे हैं। प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

चित्रकूट में भी रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां रामघाट से लेकर रघुवीर घाट तक 22 लाख दिए जलाए गए। वहीं, चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर कल देर शाम तकद मिर्जापुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर, बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवी मंदिर सहित राज्य के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

**********

प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निजी स्कूलों में नर्सरी और पहली कक्षा में प्रवेश के लिये तीसरे चरण की लॉटरी आज जारी की जायेगी। पहले और दूसरे चरण में डेढ़ लाख से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में सीट आवंटित की गयी है।

**********

पिछले दो दिनों से मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। कल प्रदेश के कई जिलों में बारिश से जहां तापमान में गिरावट आयी वहीं, फसलों पर भी इसका प्रभाव पड़ा। आज सुबह भी कई जिलों में गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी हुयी है। मौसम विभाग के मुताबिक, कल से कई जिले बारिश से प्रभावित रहेंगे।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुई असमय बारिश से हुई फसलों की क्षति की जानकारी ली और अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। किसान टोल–फ्री नंबर–एक चार चार चार सात पर फसल नुकसान की तत्काल सूचना दे सकते हैं।

**********